සියලු ම හිමිකම් ඇවිරිණි / முழுப் பதிப்புரிமையுடையது / All Rights Reserved]

නව නිර්දේශය / புதிய பாடத்திட்டம் / New Syllabus

NEW

ශ්‍රී ලංකා විභාග දෙපාර්තමේන්තුව
இலங்கைப் பரீட்சைத் திணைக்களம்
Department of Examinations, Sri Lanka

අධ්‍යයන පොදු සහතික පත්‍ර (උසස් පෙළ) විභාගය, 2020
கல்விப் பொதுத் தராதரப் பத்திர (உயர் தர)ப் பரீட்சை, 2020
General Certificate of Education (Adv. Level) Examination, 2020

හින්දී I
ஹிந்தி I
Hindi I

84 STE I

පැය දෙකයි
இரண்டு மணித்தியாலம்
*Two hours*

**සැලකිය යුතුයි:**

* **සියලු ම** ප්‍රශ්නවලට පිළිතුරු සපයන්න.
* පිළිතුරු පත්‍රයේ නියමිත ස්ථානයේ ඔබේ **විභාග අංකය ලියන්න**.
* පිළිතුරු පත්‍රයේ පිටුපස දී ඇති උපදෙස් ද සැලකිලිමත්ව කියවන්න.
* **1** සිට **50**, තෙක් වූ එක් එක් ප්‍රශ්නයට (1), (2), (3), (4) යන පිළිතුරුවලින් **නිවැරදි** හෝ **ඉතාමත් ගැළපෙන** හෝ **පිළිතුර තෝරාගෙන**, එය **පිළිතුරු පත්‍රයේ පිටුපස දැක්වෙන උපදෙස් පරිදි කතිරයක්** (×) **යොදා දක්වන්න**.

**அறிவுறுத்தல்கள்:**

* எல்லா வினாக்களுக்கும் விடை எழுதுக.
* விடைத்தாளில் குறித்த இடத்தில் **சுட்டெண்ணை** எழுதுக.
* விடைத்தாளின் மறுபக்கத்தில் தரப்பட்டுள்ள அறிவுறுத்தல்களைக் கவனமாகப் பின்பற்றுக.
* **1** தொடக்கம் **50** வரையுள்ள வினாக்கள் ஒவ்வொன்றுக்கும் (1), (2), (3), (4) என எண்ணிடப்பட்ட விடைகளில் **சரியான** அல்லது **மிகப் பொருத்தமான** விடையைத் தெரிந்தெடுத்து, தரப்பட்டுள்ள **அறிவுறுத்தல்களுக்கு அமைய விடைத்தாளில் அதனைக் குறித்து நிற்கும் இலக்கத்தின் மீது புள்ளடி (×) இடுக.**

**Instructions:**

* *Answer* **all** *questions.*
* *Write your* **Index Number** *in the space provided in the answer sheet.*
* *Instructions are given on the back of the answer sheet. Follow those carefully.*
* *In each of the questions* **1** *to* **50**, *pick one of the alternatives from (1), (2), (3), (4) which is* **correct** *or* **most appropriate** *and* **mark your response on the answer sheet with a cross** *(×)* **on the number of the correct option** *in* **accordance with the instructions given on the back of the answer sheet.**

- **सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। निम्नलिखित वाक्यों के रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए योग्य सही उत्तर चुनकर उसकी संख्या दिये गये कोष्ठक में लिखिए।**

01. हिंदी भाषा .............. लिपि से लिखी जाती है।
 (1) खरोष्ठी (2) देवनागरी (3) संस्कृत (4) ब्राह्मी

02. श्र अक्षर का संयुक्त रूप .............. से होता है।
 (1) श+र (2) श+र (3) श्+र (4) श+ऋ

03. औ स्वर के बाद व् व्यंजन का उच्चारण .............. होता है।
 (1) अव् (2) ओव् (3) ओ (4) अउ

04. अर्धानुस्वार तथा अनुस्वार का सही प्रयोग सहित शब्द युग्म क्रमशः .............. है।

(1) नींद, पंच (2) पंच, नींद (3) कंपन, आँगन (4) कंबल, नींद

05. छ और व .............. व्यंजन कहलाते हैं।

(1) मध्य खड़ीपाई (2) बिना खड़ीपाई (3) अगोलाकार (4) अंत खड़ीपाई

06. ऋ स्वर के व्यंजनों में प्रयोग की जानेवाली मात्रा .............. होती है।

(1) ्र (2) ि (3) ृ (4) र्

07. शुद्ध तथा मानक वर्तनी में लिखित सही शब्द पंक्ति .............. है।

(1) जानवर, हड्ड़ी, रात्रि (2) जांवर, हड्ड़ी, रात्रि

(3) जानवर, हड्डी, रात्रि (4) जान्वर, हड्ड़ी, रात्री

08. अध्यक्ष, हाथी, चाचा, इन शब्दों के स्त्रीवाचक शब्द क्रमशः .............. हैं।

(1) अध्यक्षिका, हाथ्नी, चाची (2) अध्यक्षी, हाथिनी, चाची

(3) अध्यक्षा, हथिनी, चाची (4) अध्यक्षिका, हथिनि, चाची

09. मालकिन, ताई, नौकरानी, इन शब्दों के पुरुषवाचक शब्द क्रमशः .............. हैं।

(1) मालिका, ताऊ, नौकरा (2) मालकी, ताउ, नौकर

(3) मालक, ताउ, नौकर (4) मालिक, ताऊ, नौकर

10. चिड़िया, कविता, वर्ष, मामा, इन शब्दों के बहुवचन शब्द क्रमशः ............ हैं।

(1) चिड़ियाँ, कविता, वर्षो, मामा (2) चिड़ियाँ, कविताएँ, वर्ष, मामा

(3) चिड़िया, कविते, वर्ष, मामे (4) चिड़ियाएँ, कविताएँ, वर्ष, मामा

11. सीढ़ियाँ, झाडुएँ, मोर, रातें, इन शब्दों के एकवचन शब्द क्रमशः ............ हैं।

(1) सीढ़ि, झाडु, मोर, रात (2) सीढ़ी, झाडु, मोर, रात

(3) सीढ़ी, झाडू, मोर, रात (4) सीढ़ी, झाडू, मोर, राते

12. राधा के .............. रंग की साड़ी बहुत सुंदर है।

(1) पीली (2) पीले (3) पीला (4) नीली

13. कक्षा में अध्यापक के .............. छात्र खड़े हो गये।

(1) आकर (2) आते हुए (3) आते ही (4) आते

[කුන්වැනි පිටුව බලන්න./பக். 03 ஐப் பார்க்க/*See page three*

14. ............. लोगों ने उस अंजान आदमी पर विश्वास नहीं किया था।
(1) यह (2) वह (3) ये (4) उन

15. उन्हें गरीब लोगों ............. मदद करना अपना कर्तव्य समझना चाहिए।
(1) को (2) से (3) की (4) कि

16. रामेश्वरी ............. छत पर बैठी हवा खा रही थी।
(1) खुले (2) खुला (3) खुलाके (4) खुली

17. ............. बुरे गुणों का त्याग करना चाहिए।
(1) आप लोगों (2) हम (3) हमें (4) सभी

18. क्या माँ .............प्यार की तरह पिता का प्यार भी अमृत से मधुर होता है?
(1) का (2) के (3) की (4) को

19. परीक्षा से उत्तीर्ण होने के लिए ............. बहुत परिश्रम करना पड़ता है।
(1) छात्रो को (2) छात्रों को (3) छात्र लोग को (4) जिन्हें

20. सरकार के द्वारा वीरों ............. सम्मान किया जाएगा।
(1) के (2) को (3) की (4) का

21. रक्षाबंधन के दिन में लड़कियों ............. अपने भाइयों को राखियाँ बाँधीं।
(1) के (2) से (3) को (4) ने

22. सारे पैसे ख़त्म हो गये, इसलिए ............ कुछ नहीं खरीद सका ।
(1) मुझे (2) तुम्हें (3) आपको (4) मैं

23. सेठ ने अपने इलाके के ग़रीब ............. को धन दिये हैं।
(1) आदमि (2) आदमियो (3) आदमिओं (4) आदमियों

24. इन बच्चों में से मेहनत करनेवाले ............. को पुरस्कार मिलेगा।
(1) बच्चा (2) बच्चियाँ (3) बच्चे (4) बच्चो

25. शाम के समय आँगन में बैठकर माँ ने प्यार से अपने बेटे ............अक्षर लिखवाये।
(1) की (2) के (3) को (4) से

[හතරවැනි පිටුව බලන්න./பக். 4 ஐப் பார்க்க/*See page four*

26. जो छात्र परिश्रम करेंगे .............. सफलता अवश्य मिलेगी।
(1) वे (2) जिसे (3) उन्हें (4) मुझे

27. मैं भी उधर जा रहा हूँ .............. तुम जा रहे हो।
(1) किधर (2) इधर (3) जिधर (4) यहाँ

28. तूफ़ान आने से मकान .............. दबकर उसकी मृत्यु हो गयी है।
(1) के बाहर (2) के नीचे (3) के पीछे (4) के साथ

29. स्टेशन पर जल्दी चले जाइए ............ गाड़ी छूट न पाए।
(1) जब (2) जिसकी (3) ताकि (4) वरना

30. अरे, क्या तुम .............. चिड़िया के पंख गिन सकते हो?
(1) उड़ते हुए (2) उड़ता हुआ (3) उड़ते (4) उड़ती हुई

31. हाँ, कल मैंने देखा, वह लड़की मंच पर गीत .............. नाच रही थी।
(1) गाते हुए (2) गाती हुआ (3) गाता (4) गाते

32. **17, 37, 81** इन पूर्ण संख्याओं के हिंदी शब्द क्रमशः .............. हैं।
(1) सत्रह, सैंतीस, इकसट (2) सत्रह, सैंतीस, इक्यासी
(3) सत्रह, पैंतीस, इक्यासी (4) सत्तर, सैंतीस, इकसट

33. ¼, ½ इन अपूर्ण संख्याओं के हिंदी शब्द क्रमशः .............. हैं।
(1) पाव, आधा (2) आधा, एक आधा (3) आधा, डेढ़ (4) सवा, ढाई

34. **घड़ी का समय 6.15 है।** यह हिंदी शब्दों में .............. है।
(1) सवा छः (2) सवा छः बजे
(3) छः को पंद्रह बजे (4) छः बजने में पंद्रह

35. आप उन लोगों के साथ ........... विषय पर बात कर रहे थे?
(1) किन (2) कौन (3) कैसा (4) किस

36. महत्मा गांधी जी के द्वारा अपनी माता जी के सामने तीन प्रतिज्ञाएँ ................. ।
(1) दिया गया (2) दीं गयीं (3) दीं (4) दी गयीं

37. **पथ, तन, बगीचा, घर** इन शब्दों के पर्यायवाची शब्द क्रमशः ............. हैं।
(1) रास्ता, शरीर, बाग़, मकान (2) रास्ता, तना, बाग़, मकान
(3) रास्ता, शरीर, बाग़, अड्डा (4) रास्ता, शरीर, बाग़, झोंपड़ी

38. **अमीर, कटु, संयोग, सरस,** इन शब्दों के विलोम शब्द क्रमशः ............. हैं।
(1) दुखी, मीठा, वियोग, नीरस (2) गरीब, मधुर, निस्संयोग, निरस
(3) गरीब, मधुर, असंयोग, अतिरस (4) गरीब, मधुर, वियोग, नीरस

39. **जिसे कोई संतान न हो।** इन अनेक शब्दों के स्थान पर योग्य एक शब्द ........... है।
(1) निःसंतान (2) संतान (3) असंतान (4) नासंतान

40. **'नाच न जाने आँगन टेढ़ा।'** इस लोकोक्ति का अर्थ ............. है।
(1) स्वयं कार्य करना न आये और दोष दूसरों पर बताए।
(2) अन्यों की ग़लतियाँ देखना
(3) स्वयं कार्य करके दूसरों को दोष देना
(4) बिना कार्य करके दूसरों पर दोष लगाए

41. आधुनिक हिंदी साहित्य के **द्विवेदी युग** को .......... भी कहा जाता है।
(1) प्रगति प्रयोग काल (2) जागरण काल
(3) जागरण सुधार काल (4) पुनर्जागरण काल

42. सन् ........... के करीब हिंदी साहित्य के छायावादी युग का आरंभ माना जाता है।
(1) 1915 (2) 1918 (3) 1921 (4) 1910

43. अमृतलाल नागर ................. युग के प्रतिनिधि गद्यकार हैं।
(1) नव लेखन (2) छायावादी (3) भारतेंदु (4) छायावादोत्तर

44. व्यक्तिगत गीत काव्य रचयिताओं में से .................. एक प्रसिद्ध कवि है।
(1) मैथिलीशरण गुप्त (2) माखनलाल चतुर्वेदी
(3) हरिवंशराय बच्चन (4) नाथूराम शर्मा

45. **पूस की रात** कहानी का रचयिता ................... है।
(1) यशपाल (2) जयशंकर प्रसाद (3) जैनेन्द्र कुमार (4) प्रेमचंद

**कोष्ठक में दिये गये निर्देश के अनुसार सही उत्तर चुनिए।**

46. रोगी ने सब्जियाँ भी नहीं ............। *(सामान्य भूतकाल)*
    (1) खाते (2) खायीं (3) खायी (4) खायीं थीं

47. उन दिनों में छात्र अच्छी तरह ............। *(आभ्यासिक भूतकाल)*
    (1) पढ़ते हैं (2) पढ़ते होंगी (3) पढ़ते होंगे (4) पढ़ते थे

48. तुम चुपचाप बैठे क्या ............? *(तात्कालिक वर्तमान काल)*
    (1) कर रहे हैं (2) कर रही (3) कर रहे (4) कर रहे हो

49. अगले शुक्रवार को अध्यापक जी हमें छुट्टी ............। *(सामान्य भविष्यकाल)*
    (1) दूँगा (2) देगी (3) देंगे (4) देगा

50. कल बाज़ार में उसने मेरी बेटी को .............। *(संदेहात्मक भूतकाल)*
    (1) देखा था (2) देखा होगा (3) देखी होगी (4) देखा

* * *

සියලු ම හිමිකම් ඇවිරිණි / முழுப் பதிப்புரிமையுடையது / All Rights Reserved

නව නිර්දේශය / புதிய பாடத்திட்டம் / New Syllabus

NEW

ශ්‍රී ලංකා විභාග දෙපාර්තමේන්තුව
இலங்கைப் பரீட்சைத் திணைக்களம்
Department of Examinations, Sri Lanka

අධ්‍යයන පොදු සහතික පත්‍ර (උසස් පෙළ) විභාගය, 2020
கல்விப் பொதுத் தராதரப் பத்திர (உயர் தர)ப் பரீட்சை, 2020
General Certificate of Education (Adv. Level) Examination, 2020

හින්දි II
ஹிந்தி II
Hindi II

84 STE II

පැය තුනයි
மூன்று மணித்தியாலம்
*Three hours*

අමතර කියවීම් කාලය - මිනිත්තු 10 යි
மேலதிக வாசிப்பு நேரம் - 10 நிமிடங்கள்
Additional Reading Time - 10 minutes

අමතර කියවීම් කාලය ප්‍රශ්න පත්‍රය කියවා ප්‍රශ්න තෝරා ගැනීමටත් පිළිතුරු ලිවීමේදී ප්‍රමුඛත්වය දෙන ප්‍රශ්න සංවිධානය කර ගැනීමටත් යොදාගන්න.
வினாப்பத்திரத்தை வாசித்து, வினாக்களைத் தெரிவுசெய்வதற்கும் விடை எழுதும்போது முன்னுரிமை வழங்கும் வினாக்களை ஒழுங்கமைத்துக் கொள்வதற்கும் மேலதிக வாசிப்பு நேரத்தைப் பயன்படுத்துக.
**Use additional reading time to go through the question paper, select the questions you will answer and decide which of them you will prioritise.**

**केवल पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। भाग I के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। भाग II से एक प्रश्न को चुनना अनिवार्य है।**

## भाग I

01. निम्नलिखित विषयों में से **किसी एक** विषय पर हिंदी में लगभग डेढ़ पृष्ठों का निबंध लिखिए। (25 अंक)

(i) ऑनलाइन शिक्षण (ii) तंदुरुस्ती का महत्व

(iii) वायु प्रदूषण (iv) तकनीक की उन्नति अभिशाप या वरदान

02. (क) निम्नलिखित गद्यांश का सिंहली/तमिल/अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए। (10 अंक)

हमारे ग्रंथों में कहा गया है कि वृक्ष मनुष्य के पुत्र के समान हैं। ये मनुष्य की मृत्यु के बाद भी यश फैलाते हैं। वृक्ष लगाने से रोग, शोक दूर होते हैं। यही कारण है कि कुछ लोग तुलसी, केला, पीपल आदि वृक्षों की पूजा करते हैं। वृक्ष हवा के अशुद्ध कीटाणुओं को खुद पचा लेते हैं और हमें साफ़ हवा देते हैं। भूमि को गरम होने से बचाते हैं। अगर भूमि पर वृक्ष न हो तो इसका तापमान इतना बढ़ जाएगा कि एक दिन ध्रुवों पर जमी सभी बर्फ पिघल जाएगी। उस बर्फ से इतना पानी बनेगा कि धरती माता उसमें जल समाधि लेगी। तब न आप रहेंगे, न हम और न रहेंगे रंग बिरंगे पशु पक्षी। पेड़ पर कुल्हाड़ी उठाकर हम अपने पैरों पर ही कुल्हाड़ी मारते हैं।

**पचा लेना** = විනාශ කර දමනවා.
**तापमान** = උෂ්ණත්වය
**ध्रुव** = පෘථිවියේ උත්තර ධ්‍රැවය හා දක්ෂිණ ධ්‍රැවය
**कुल्हाड़ी** = පොරව

[ දෙවැනි පිටුව බලන්න./பக். 2 ஐப் பார்க்க/*See page two*

**(ख)** निम्नलिखित अवतरण का हिंदी में अनुवाद कीजिए। (10 अंक)

මාගේ අසල්වැසි දරුවෝ දෙදෙනෙක් සිටිති. එයින් එක්කෙනෙකු අමල් වන අතර අනෙකා කමල් ය. අමල් මාගේ අසළට පැමිණෙන විට අත්දෙක එකතු කොට ආයුබෝවන් කියයි. ඉන්පසු "මාමා" කියා අමතමින් මා සමග කතා කරන්නට පටන් ගනියි. ඉතා මෘදු හා ශාන්ත ස්වරයෙන් ඔහු මා හා කතා බහ කරයි. එහෙත් කමල් අමල්ට වඩා බොහෝ වෙනස් වන අතර ඔහු දුර තියා කෑගසමින් පැමිණෙයි. "හා... මාමා... ඔයාට කොහොමද?... මල්ලී ගෙදර ඉන්නවද? අසමින් දුවගෙන එයි. අහළ පහළ සියල්ලෝ අමල්ට ප්‍රශංසා කරන අතර කමල් පිළිබඳ අසතුටු වෙති. කමල්ගේ හැසිරීම අශිෂ්ට වුව ද අමල්ගේ හැසිරීම ඉතා ශිෂ්ට සම්පන්නය. යහපත් ගතිගුණවලින් හෙබි පුද්ගලයන්හට සෑම තැන්හිදී මෙන්ම සෑම අවස්ථාවකදීම ගෞරවය හිමි වේ.

எனது அயலவர் வீட்டில் இரு பிள்ளைகள் இருந்தனர். அவர்களுள் ஒருவர் அமல். மற்றையவர் கமல். அமல் எனக்கு அருகில் வருகின்றபோதே இரு கைகளையும் கூப்பி வணக்கம் கூறினார். "மாமா" என்று அழைத்தவாறு என்னுடன் கதைக்க ஆரம்பித்தார். அவர் மிகவும் மென்மையாகவும் சாந்தமான இயல்புடனும் என்னுடன் கதைத்தார். ஆயினும் கமல் அமலை விட மிகவும் வேறுபட்டவர் என்பதுடன் அவர் தூரத்திலிருந்தவாறே சத்தமிட்டவாறு வந்தார். "மாமா.... நீங்கள் எப்படி? ...... தம்பி வீட்டில் இருக்கிறாரா?" எனக் கேட்டவாறு ஓடி வந்தார். அக்கம் பக்கத்திலுள்ள எல்லோரும் அமலைப் பாராட்டுவதுடன் கமல் தொடர்பாக அதிருப்தியடைந்தனர். கமலின் நடத்தை அநாகரிகமாக காணப்பட்டபோதும் அமலின் நடத்தை நாகரிகமிக்கதாகும். பண்புள்ள குணாதிசயங்களை உடைய நபர்களுக்கு எல்லா இடங்களிலும் போன்றே எல்லா சந்தர்ப்பங்களிலும் கௌரவம் உரித்தாகும்.

There are two children in my neighbour's house. One of them is Amal and the other is Kamal. When Amal comes near me he says 'Ayubowan' taking two hands together. Then he starts talking calling me 'mama'. He talks with me in a soft and calm voice. However Kamal who is totally different from Amal, comes running shouting as "Hello mama, how are you? Is malli at home?" from far away. Everybody in the surrounding while praises Amal, shows displeasure about Kamal. Even though Kamal's behaviour is uncivilized Amal's is civilized. The persons who own good qualities are respected at any place as well as in any occasion.

**03.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (20 अंक)

हिंदुस्तान की ज़मीन में इतनी ताकत है कि वह हमें भूखा नहीं रख सकती। यहाँ गंगा, यमुना, कृष्णा, गोदावरी आदि अच्छी-अच्छी नदियाँ हैं, अच्छे-अच्छे पहाड़ हैं, वनस्पतियाँ हैं, जड़ी-बूटियाँ हैं, अनाज हैं, फल-तरकारियाँ, मेवे, सब-कुछ हैं, क्या नहीं है? परमेश्वर ने कितनी उत्तम-उत्तम देनें हमें दीं हैं! उसने हमें दो हाथ दिये हैं, बुद्धि दी है, हृदय दिया है। उसने हमपर कितना प्रेम बरसाया है! हमपर कितना उपकार किया है! कमी किस चीज़ की है? लेकिन बीच में हम लोग भूल गये और पैसे के बहकावे में आकर भगवान का नाम लेने के बदले पैसे का नाम लेने लगे।

इन दिनों तो यह होता है कि कोई पड़ोसी की भी सेवा करता है, तो पैसे माँगता है। पहले ऐसा नहीं था। गाँव का बढ़ई हर किसी के घर जो काम निकलता था, वह कर देता था, पैसा नहीं माँगता था।

(i) हिंदुस्तानी ज़मीन की ताकत क्या है? (02 अंक)

(ii) हिंदुस्तान की प्राकृतिक सुंदरता बढ़ाने की क्या-क्या चीज़ें थीं? (02 अंक)

(iii) यहाँ खाने की चीज़ें क्या थीं? (02 अंक)

(iv) भगवान ने इन्हें क्या-क्या दिये थे? (02 अंक)

(v) लोग क्या भूल गये? (02 अंक)

[තුන්වැනි පිටුව බලන්න./பக். 3 ஐப் பார்க்க/*See page three*

(vi) इस गद्यांश के अनुसार इन दिनों में क्या होता है? (02 अंक)

(vii) इस गद्यांश में किसकी चर्चा हो रही है? (02 अंक)

(viii) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए। (06 अंक)
*(उक्त गद्यांश में प्रयुक्त वाक्यों का प्रयोग मत कीजिए।)*

(अ) ताकत (आ) बुद्धि

04. **(क)** कोष्ठक में दिये गये प्रश्नों के अनुसार निम्नलिखित अवतरणों का **संदर्भ** लिखिए।
*(किस रचयिता के किस पाठ से उद्धृत है? किसने; किससे; क्यों कहा है?*
(10 अंक)

(i) " क्या ज़माना है! जवान लड़के को मेरे पूरा दिन नहीं बीता और यह बेहया दुकान लगा के बैठी है। "

(ii) "बहुत दिनों से अभिलाषा थी; आज उपस्थित हो सका हूँ। "

**(ख)** निम्नलिखित पद्यांश का अर्थ **सरल हिंदी में** लिखिए। (10 अंक)

(i) घर-आँगन की हुई सफ़ाई,
कहीं रँगाई कहीं पुताई।
लेकिन मन में कालिख अब भी,
ऊँच-नीच की गहरी खाई।।

(ii) खेल-खिलौने और बताशे
कहीं पटाखे और तमाशे।
कोई बिलख रहा है भूखा,
कहीं बज रहे बाजे-ताशे।।

## भाग II

05. विश्वभर फैली जानेवाली कोविड 19 महामारी के कारण विदेश से अपनी मातृ-भूमि पर आने की कठिनता बताते हुए अपने घरवालों के नाम पर एक **पत्र** लिखिए। (15 अंक)

06. निम्नलिखित वाक्य खंडों के आधार पर लगभग 150 शब्दों की **कहानी** लिखिए।
एक लकड़हारा ..... बहुत गरीब .... ईमानदार .... जंगल में लकड़ी काटता .... बेचता .... एक दिन कुल्हाड़ी पानी में गिर पड़ी .... नहीं निकाल सका .... वह रोने लगा .... एक देवता निकला .... सोने, चाँदी की दिखायीं ... लोहे की कुल्हाड़ी का स्वीकार .... देव खुश .... दोनों दीं .... दूसरा लकड़हारा .... लालची .... कुल्हाड़ी गिरा दी .... झूठ बोला .... देव को गुस्सा आया .... पानी में डूब गया। (15 अंक)

* * *

WWW.PastPapers.WIKI
Sri Lanka Biggest past papers Bank